12. हिन्दी निबन्ध का क्रमिक विकास बताते हुए प्रमुख निबन्धकारों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

13. नयी कविता के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए नयी कविता की विशेषताएँ सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

MAHD–03

December – Examination 2022

M.A. (Previous) Examination

HINDI

(हिन्दी साहित्य का इतिहास)

Paper : MAHD-03

*Time : **3** Hours]* *[Maximum Marks : **80***

निर्देश :- यह प्रश्न-पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड—अ **8×2=16**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

   (i) राहुल सांकृत्यायन ने आदिकाल को क्या नाम दिया ?

(ii) भक्तिकाल की ज्ञानाश्रयी शाखा की **दो** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(iii) रीतिबद्ध और रीतिमुक्त काव्य में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(iv) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के किन्हीं **तीन** नाटकों के नाम लिखिए।

(v) साठोत्तरी कविता से क्या तात्पर्य है ?

(vi) द्विवेदी युग के किन्हीं **चार** कवियों के नाम लिखिए।

(vii) प्रथम तारसप्तक की प्रकाशन तिथि एवं उसके संकलित कवियों के नाम बताइये।

(viii) जयशंकर प्रसाद के **दो** नाटकों के नाम लिखिए।

खण्ड—ब **4×8=32**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 8 अंक का है।

2. आदिकालीन साहित्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का वर्णन कीजिए।

3. अष्टछाप के कवियों का नामोल्लेख करते हुए कृष्ण भक्ति काव्य की विशेषताएँ लिखिए।

4. रीतिमुक्त काव्य की प्रमुख विशेषताओं का चित्रण कीजिए।

5. हिन्दी उपन्यास के उद्‌भव एवं विकास पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

6. प्रयोगवाद का स्वरूप बताते हुए प्रयोगवाद की प्रमुख प्रवृत्तियाँ लिखिए।

7. हिन्दी आलोचना के प्रकारों पर प्रकाश डालिए।

8. कहानी एवं उपन्यास में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

9. "विद्यापति भक्त कवि हैं या शृंगारिक।" सटीक उत्तर दीजिए।

खण्ड—स **2×16=32**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 16 अंक का है।

10. 'सूफी' शब्द का अर्थ बताते हुए इस काव्यधारा की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

11. ''रीतिकाल का नामकरण विवादास्पद रहा है।'' इस कथन के आलोक में विभिन्न विद्वानों के मतों की समीक्षा करते हुए अपना मत दीजिए।